हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 27 नवंबर 2025



# नक्सल दंपत्ति ने किया सरेंडर, 20 लाख था ईनाम, संभालते थे तकनीकी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नक्सल विरोधी अभियान तहत पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर लगभग बीस लाख रुपए के ईनामी नक्सल दंपत्ति ने एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के सामने सरेंडर किया। प्रतिबंधित संगठन माओवादी के माड़ डिवीजन बस्तर और तीन राज्य एमएमसी जोन से संबंधित कैडर के थे।

लगभग 14 लाख रुपए का ईनामी हार्डकोर नक्सली धनुष उर्फ मुन्ना 25 साल और उसकी पत्नी लगभग 6 लाख रुपए की ईनामी महिला नक्सली रोनी उर्फ तुले 25 साल ने छग शासन के आत्मसमर्पण व पुनर्वास नीति और विकासोन्मुखी प्रभाव से प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौटने का मन बनाया और एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा के समक्ष सरेंडर किया है। दोनों पति-पत्नी टांडा मलाजखंड एरिया कमेटी के प्रभाव वाले क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों, विभिन्न वारदातों सहित संगठनात्मक कार्यो मे सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। महिला नक्सली रोनी उर्फ तुले जोन प्रभारी व सीसी मेंबर रामदेर की पार्टी सदस्य के रूप मे कार्यरत थी। जबकि धनुष को हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग और कम्प्यूटर का विशेष ज्ञान था। जिसके कारण वो तकनीकी कामों को संभालता था। दोनों छग, महाराष्ट्र और मप्र के सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय थे।

### बस्तर और एमएमसी जोन में एक्टिव रहे दोनों नक्सली

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरेंडर करने वाले दोनों नक्सल प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के माड़ डिवीजन, बस्तर, एमएमसी (मध्य प्रदेश महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़) जोन से संबंधित कैडर थे। यह दम्पति टाण्डा-मलाजखण्ड एरिया कमेटी के प्रभाव क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों, विभिन्न वारदातों और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न रहा। रोनी, माओवादी एमएमसी जोन प्रभारी रामदेर (सीसी मेम्बर) की पार्टी सदस्य के रूप में कार्यरत थी। जिन्होंने अब पुलिस के साथ सरेंडर किया है।

## एमएमसी जोन सहित अन्य इलाकों में भी रहे सक्रिय, अब मुख्यधारा में लौटे



### पुनर्वास नीति और सुरक्षा बलों की रणनीति कारगर

एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा ने बताया कि सुरक्षा बलों के लगातार अभियान, सिविक एक्शन कार्यक्रम, सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभुत सुविधाओं मे बढ़ोत्तरी के अलावा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों में विश्वास बढ़ रहा है। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रमों को प्रत्यक्ष परिणाम नक्सल दंपत्ति का हथियार छोड़कर शांति का रास्ता चुनना है। उन्होंने कहा कि छग शासन की पुनर्वास नीति, सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति और विकास कार्यों को देखते हुए नक्सल दंपत्ति ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज में सम्मानपूर्वक जीने की मंशा से आत्मसमर्पण किया है। उनका यह कदम जिले में शांति स्थापना और नक्सन उन्मूलन अभियान के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## प्रदेश स्तर से जारी हुआ आदेश, हजारों किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

# एकीकृत पोर्टल में अब 30 तक संशोधन की छूट, समितियों में भी हो पाएगा सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की तैयारी के बीच सरकार ने किसानों को पंजीयन की तिथि बढ़ाकर बड़ी राहत दी थी। जिसकी अवधि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। इतना ही नहीं, जहां अब तक सुधार कराने किसानों को तहसील तक दौड़ लगानी पड़ रही थी। इसमें बदलाव करते हुए अब उनके काम सहकारी समितियों में भी हो जाएंगे।

ऐसे किसान जिनके एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन, कैरी फारवर्ड और फसल रकबे में संशोधन जैसे काम अब 30 नवंबर तक समितियों में भी हो सकेंगे। इस निर्णय का सीधा लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिनका पंजीयन किसी कारणवश अधूरा रह गया था। जिनके दस्तावेजों में सुधार की आवश्यकता है, वो आज लोकसेवा केंद्र और संबंधित केंद्रों में जाकर पंजीयन करा सकते हैं, जिन किसानों का पंजीयन किसी कारणवश नहीं हो पाया है, उनके लिए शासन ने सुविधा प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि धान खरीदी आरंभ होने के बाद एकीकृत किसान पोर्टल को 31 अक्टूबर को बंद कर दिया गया था, लेकिन पंजीयन में कुछ किसान छूट गए थे, इसको दिखते हुए यह व्यवस्था 19 से 25 नवंबर तक प्रभावी कर दिया गया है। जिसकी अवधि को अब 30 नवंबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। किसानों को पंजीयन की तिथि बढ़ने से बड़ी राहत और इसका फायदा भी मिला है। विशेष रूप से डुबान क्षेत्र के किसान, वनपट्टाधारी कृषक और शेष पंजीयन से वंचित कृषक लाभान्वित होंगे।

## 3419 किसानों से खरीदा पौने दो लाख क्विंटल धान

धान खरीदी रिपोर्ट

**राजनांदगांव।** धान खरीदी प्रक्रिया के तहत गुरुवार को अविभाजित राजनांदगांव जिले में साढ़े तीन हजार किसानों से उपज की खरीदी की गई है। इन किसानों से पौने दो लाख क्विंटल धान 3100 की दर से लिया गया। हालांकि धान खरीदी की रफ्तार अभी भी धीमी बनी हुई है। सीमित किसान ही केंद्रों तक पहुंच रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में 15 नवंबर से धान खरीदी की शुरूआत की गई है। आज खरीदी शुरू हुए 11 दिन से अधिक समय हो गया है, लेकिन इसके बावजूद अविभाजित जिले में 10 फीसदी किसानों से भी खरीदी नहीं हो पाई है। समिति स्तर से मिली जानकारी के अनुसार टोकन भी सीमित ही जारी किए जा रहे हैं। जिसके चलते किसानों की आवक कम बनी हुई है। गुरुवार को राजनांदगांव जिले में 1904 किसानों से 98261 क्विंटल, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 944 किसानों से 60794 क्विंटल एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 571 किसानों से 25986 क्विंटल धान की खरीदी गुरुवार के दिन की गई है।

### वसूला जा रहा कर्ज

धान बेचने के लिए पहुंच रहे किसानों से धान खरीदी के बाद जारी हो रही राशि में से कर्ज भी वसूला जा रहा है। राजनांदगांव जिले में अब तक धान बेच चुके 11747 किसानों में ऋणी किसानों से 41.62 करोड़, खैरागढ़ जिले में 5690 किसानों में से ऋणी किसानों से 21.71 करोड़ एवं मोहला-मानपुर जिले में 2175 किसानों में ऋणी किसानों से 5.87 करोड़ रुपए लिकिंग के जरिये वसूले जा चुके हैं। ज्ञात हो कि अविभाजित जिले में लगभग 13 सौ करोड़ रुपए का ऋण वसूला जाना है।

### लगातार पहुंच रहे थे किसान

एकीकृत पोर्टल में किसानों के रकबे की गलत एंट्री, पंजीयन कैरी फारवर्ड नहीं होने जैसी समस्या लेकर किसान लगातार प्रशासन के पास पहुंच रहे थे। वहीं कुछ किसान समय पर पंजीयन नहीं करा पाए थे, इनमें कई ऐसे भी हैं, जिनकी जमीन डूबान क्षेत्र में आती है या जिनके वन पट्टे हाल ही में स्वीकृत हुए हैं। ऐसे किसानों की पात्रता स्पष्ट करने और उन्हें धान बेचने का अवसर देने के लिए पंजीयन अवधि बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई और इनके द्वारा पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग भी की जा रही थी। अब अवधि बढ़ाए जाने से ऐसे किसानों को राहत मिलेगी।

### तहसील में लग रही थी भीड़

ज्ञात हो कि 19 नवंबर से ही एकीकृत पोर्टल के तहत संशोधन का काम किया जा रहा है, लेकिन अब तक किसानों को अपने काम के लिए तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे थे। रोजाना तहसील में सैकड़ों किसानों की कतारें भी लग रही थी, लेकिन अब नए आदेश के बाद किसान अपनी करीबी सहकारी समिति में जाकर संशोधन का काम करा पाएगा। जिससे तहसील में लगने वाली भीड़ भी कम हो जाएगी।

# सड़क के लिए आक्रोशित लोगों ने किया एनएच पर चक्काजाम, आवागमन ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग से नीलगिरी पार्क क्षेत्र में जाने वाली सड़क को जमीन मालिक द्वारा तार घेराकर बंद किए जाने से यहां के निवासियों ने आक्रोश जताते राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस रोड पर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोग निगम के अधिकारी को मौके पर बुलाने और रास्ता खुलवाने की मांग पर अड़े रहे। जिसकी वजह से लगभग 1 घंटे तक सर्विस रोड से आवागमन ठप हो गया।

वार्ड पार्षद के नेतृत्व में चक्काजाम कर रहे लोगों ने कहा कि नीलगिरी पार्क जल तरंग जाने वाली सड़क को हेतल भोजवानी द्वारा अपनी जमीन बताकर बंद किया जा रहा है। स्थानीय निवासी रज्जू जान ने कहा कि लगभग 80 फीट की यह सड़क निगम और टाउन प्लानिंग से अप्रुव है। दो-तीन साल पहले इस जमीन को अपना कहकर इस रोड को बंद करने का प्रयास शुरू हुआ और आज रोड बंद कर दिया गया। जिससे इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। उन्होंने बताया कि यहां बालिका संप्रेषण गृह है, अन्य कालोनियां है, जिसे निगम द्वारा अप्रुव किया गया है। अगर सड़क नहीं है तो फिर किस बेस पर कॉलोनी को अप्रुवल दिया गया। यहीं कारण है कि लोगों में काफी नाराजगी दिखी।

### निगम में होगी बैठक

मौके पर नगर निगम के कार्यपालन अभियंता के पहुंचने के बाद दोनों पक्षों से बातचीत की गई और रास्ता घेर रहे व्यक्ति द्वारा वर्तमान में चार पहिया वाहन निकलने लायक रास्ता छोड़ने तैयार होने के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। इस मामले में गुरुवार को नगर निगम में दोनों पक्षों की बैठक भी बुलाई गई है। जिसमें समाधान निकलने की संभावना है।

### चक्काजाम में कई बसें फंसी

नेशनल हाईवे के सर्विस रोड पर किए गए इस चक्काजाम में कई स्कूल बसें और यात्री बसें फंसी रही। वहीं चक्काजाम के चलते लंबा जाम लगने की वजह से एम्बुलेंस भी फंस गई। चक्काजाम के चलते लोगों को काफी समस्या हुई। चक्काजाम समाप्त होने के बाद एक घंटे में हालत सामान्य हो गए थे।

### अब तक नहीं मिला मुआवजा

सड़क को तार फेंसिंग से घेर रहे हेतल भोजवानी ने कहा कि यह हमारी निजी भूमि है। कई बार नगर निगम से आवेदन लगाकर मुआवजे की मांग की गई कि इस सड़क का हमें मुआवजा दिया जाए। उन्होंने बताया कि वर्ष 1990 के मास्टर प्लान में इसे रोड घोषित किया गया है, लेकिन अब तक इसका मुआवजा हमें नहीं दिया गया है। हमने न्याय के लिए हाईकोर्ट की शरण ली, जहां से हमें अपनी जगह पर कब्जे का आदेश मिला है, इसलिए इसे घेरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर निगम को इस सड़क की जरूरत है तो मुआवजा देकर सड़क ले ले।

### माय एंगल




# कोचियों पर एक्शन जारी: जिलेभर में 18 प्रकरण में 75 लाख का अवैध धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में जारी कोचियों के खिलाफ कार्रवाई का क्रम जारी है। बुधवार को भी जिलेभर में प्रशासनिक अफसरों ने अवैध धान के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। बुधवार को ही जिले में 18 प्रकरण में 75 लाख रुपए का अवैध धान जब्त किया गया। अब तक की कार्रवाई में चार करोड़ से अधिक रुपए का अवैध धान जब्त हो चुका है। इधर प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई से धान खपाने की जुगत में जुटे कोचियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### खास बातें

- जिले के सभी बार्डर पर नाकेबंदी, टीम भी की गई तैनात
- अब तक जिले में 4 करोड़ रुपए का अवैध धान जब्त



### तीनों ब्लॉक में कार्रवाई

प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले के तीन ब्लॉक में अवैध धान के खिलाफ गुरुवार को कार्रवाई की गई। इसमें राजनांदगांव ब्लॉक में 6 प्रकरण में 22.91 लाख का 739 क्विंटल धान, डोंगरगढ़ ब्लॉक में पांच प्रकरण में 7.71 लाख का 249 क्विंटल धान एवं डोंगरगांव ब्लॉक में सात प्रकरण में 45.22 लाख रुपए का 1459 क्विंटल धान जब्त किया गया है।

# आज से बढ़ेगी ठंड: रात के तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट संभव, लोगों की सेहत पर भी दिखेगा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



अंचल सहित प्रदेशभर में ठंड का कहर एक बार फिर बढ़ने वाला है। पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार इजाफा होने के बाद अब तापमान लुढ़कना शुरू होगा। उत्तरी ठंडी हवाओं के चलते अंचल में अगले दो दिनों के भीतर ही तीन डिग्री तक तापमान नीचे आ सकता है। रात के साथ ही दिन का तापमान भी नीचे आएगा। बुधवार को अंचल का अधिकतम तापमान 27 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक अंचल सहित प्रदेशभर में आज से ठंड बढ़ने की संभावना है। विभाग के अनुसार दो दिनों के भीतर ही 2 से 3 डिग्री तक पारा गिर सकता है। वहीं प्रदेश के उत्तरी इलाकों में शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया गया है। हालांकि राजनांदगांव, मोहला-मानपुर और खैरागढ़ जिले में अभी शीतलहर की संभावना नहीं बताई गई है। लगातार मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच स्वास्थ्य महकमा भी अलर्ट हो गया है। एडवाइजरी जारी करते स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि तापमान में उतार-चढ़ाव से हाइपोथर्मिया, सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए शीतलहर के दौरान अनावश्यक बाहर न निकलें, बेहद जरूरी हो तभी यात्रा करें और पूरी तरह गर्म कपड़ों का उपयोग करें। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मौसम में मलेरिया फैलने का खतरा भी बढ़ सकता है।

### गले में खराश, सर्दी बुखार की शिकायतें

मौसम में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर देखने को मिल रहा है। हालत यह है कि बच्चों एवं बुजुर्गों को वायरल अपनी चपेट में तेजी से ले रहा है। गले में खराश, सर्दी-बुखार की शिकायतें बढ़ गई है। डॉक्टरों का कहना है कि अपने खानपान में सुधार के साथ ही विशेषज्ञों की सलाह पर दवा लें। जिससे वायरल से राहत मिल पाए।

# एसपी ने किया बसंतपुर थाना का निरीक्षण, सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बुधवार को थाना बसंतपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों के निराकरण के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना में रखे विभिन्न अभिलेख जैसे व्हीसीएनबी, रोजनामचा, अन्य रजिस्टर, लंबित अपराध, मालखाना एवं सीसीटीएनएस कक्ष का अवलोकन किया तथा लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, जवानों की वेशभूषा, सशस्त्रागार और रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया। साथ ही थाना में जब्त वाहनों के समय पर निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए। थाना में उपस्थित फरियादियों से पुलिस अधीक्षक ने सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। संबंधित मामलों के निराकरण हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया।

**समस्याओं की ली जानकारी:** निरीक्षण के दौरान थाना में तैनात महिला पुलिस स्टाफ से भी पुलिस अधीक्षक ने चर्चा की और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर एएसपी राहुल देव शर्मा, थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

## यहां के विद्यार्थियों के लिए गणित अब खेल का विषय, सेंदरी में किया निर्माण

# बच्चों के मन के भय को दूर करने शिक्षकों ने चंदा कर बनाया गणित पार्क, खेल-खेल में मिल रही अंक शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

गणित विषय को लेकर अक्सर विद्यार्थियों में भय और दबाव की स्थिति रहती है। इस गणित से कई विद्यार्थी दूर भागते भी नजर आते हैं, लेकिन जिले का एक शासकीय स्कूल ऐसा भी है, जहां गणित का भय नहीं, बल्कि गणित का रोमांच नजर आता है। यहां के विद्यार्थियों के लिए गणित अब पार्क में खेल का विषय हो चुका है, क्योंकि यहां पर एक पार्क ऐसा विकसित किया गया है, जहां पर गणित की प्रैक्टिकल शिक्षा मिलती है। जिसके चलते यहां के विद्यार्थियों के लिए गणित पढ़ना और उसे समझाना काफी आसान हो गया है।

जिले के डोगरगढ़ विकासखंड के ग्राम सेंदरी शासकीय हाई स्कूल में गणित पार्क यहां के विद्यार्थियों को खेल -खेल में गणित की शिक्षा दे रहा है। यहां बच्चे जटिल आकृति सिद्धांत और प्रमेय को आसानी से सीख रहे हैं। इस पार्क में शून्य के जन्मदाता महान गणितज्ञ रामानुज आर्य भट्ट से लेकर अन्य गणितज्ञों के आविष्कारों उनके सिद्धांतों को आकृति के माध्यम से ऊकेरा गया है और गणित के कठिन से कठिन प्रश्नों का आसानी से हल करने का तरीका बताया गया है। इसी के साथ ही यहां वैदिक गणित से भी विद्यार्थी रूबरू हो रहे हैं। इस मैथ्स पार्क की खास बात यह है कि यहां के शिक्षकों ने आपस में लगभग 10 लाख रुपए की राशि एकत्रित कर इस गणित पार्क को विकसित किया गया है।






### रोमांचक बनाने नवाचार

इस गणित पार्क को विकसित करने के पीछे सोच को लेकर शाला के व्याख्याता गणित गोकुलदास जंघेल का कहना है कि बच्चों के मन से गणित का डर निकालकर गणित को रोमांचक बनाने के लिए यह पहल की गई। इस नवाचार से विद्यार्थी खेल-खेल में गणित को समझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस गणित पार्क के माध्यम से गणित के संकेतों की आकृति बनाकर बेसिक गणित को समझाने का प्रयास किया है।

### कोरोनाकाल के दौरान पहल

109 की दर्ज संख्या वाले इस हाईस्कूल की प्राचार्य किरण मिश्रा ने बताया कि कोरोनाकाल के दौरान जब शालाए नहीं लगती थी, तब स्कूल के शिक्षकों ने इस नवाचार की शुरूआत की है। पहले उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने वृक्षारोपण किया, जो आज वृक्ष में तब्दील हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना के चलते बच्चे गणित से दूर हो रहे थे, तब शिक्षकों ने गणित को रोचक बनाकर बच्चों को इससे जोड़ने के लिए मैथ्स पार्क का निर्माण किया है।

### गणित समझना हुआ आसान

इस गणित पार्क में गणित को गणितीय खेल, पहेलियों, मॉडल्स और गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। यहां बच्चे सिर्फ गणित पढ़ते नहीं, बल्कि उसे अनुभव करके सीखते और समझते हैं। यहां की छात्रा निहारिका यादव का कहना है कि अधिकतर विद्यार्थियों को गणित विषय काफी कठिन लगता है, लेकिन हम यहां गणित से खेलते हैं। यहां गणित लैब और गणित पार्क है। जिससे गणित को समझना आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि 11वीं में वह गणित विषय लेकर ही पढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत चंवरढाल में जय श्री कृष्ण ग्राम संगठन की 10 वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जनपद सदस्य मंजू चंदेल, हंसा सिन्हा, नीति शर्मा, गिरीजा तारम, मंडल अध्यक्ष संतोष देवांगन, देवशरण वर्मा, गौतम सेन, सेवकराम कोर्राम, शोभा राम साहू, संजू राम साहू आदि उपस्थित थे।



### मितानिनों का किया सम्मान

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत भैंसरा में मितानिन सम्मान दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर मितानिन दीदियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। ग्राम की सभी मितानिनों का सरपंच उतरा उईके ने साल एवं श्री फल से सम्मान किया। इस मौके पर सरपंच उतरा उईके ने मितानिनों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वह स्वास्थ के क्षेत्र में बेहतर सेवाएं दे रही हैं। सचिव केदान सिन्हा ने मितानिनों की कार्यों की सहारना करते हुए कहा कि वह घर घर जाकर महिला, बच्चों, गर्भवती माताएं की देखभाल करने के साथ स्वास्थ्य की जांच कर लोगों को बचा रही है। कार्यक्रम में मितानिन ऊषा खुसरो, हेमलता भालेकर, अमरीका वर्मा, तामेश्वरी, कांतिबाई, बिंदुबाई, लोकेश्वरी, तिजियाबाई, खुशबू वर्मा, तिलेश्वरी साहू, भवानी शंकर, भुखन, पुष्पादेवी निर्मलकर, कामेश भालेकर, प्रभु सोनवानी, जगदीश विश्वकर्मा, फाग सिंग सहित अन्य शामिल हुए।




### लाखों का चावल गायब

**डोंगरगढ़।** शहर में संचालित राशन दुकानों के चांवल स्टॉक में गड़बडी थमने का नाम नहीं ले रही है। शहर की कई राशन दुकानों के बचत चांवल को बेच दिया गया है किन्तु दुकानों में स्टॉक होना बताया जा रहा है जबकि दुकानों की गोदाम खाली है। कालकापारा, बुधवारी, केदारबाडी स्थित राशन दुकान से लगभग 3 से 4 लाख का राशन गायब होना बताया जा रहा है। शिकायत के बाद फुड इंस्पेक्टर सिद्धांत मिश्रा ने जांच कर गड़बड़ी पकड़ा है। वर्तमान में 7 से 8 लाख के चांवल के गायब होने का मामला सामने आ रहा है। राशन दुकानों के स्टाक की जांच की जाए तो गबन का बड़ा मामला सामने आने की संभावना है।

### धान दुकानों और गोदामों में दबिश

**डोंगरगढ़।** धान खरीदी शुरू होने के साथ ही अन्य राज्य से आने वाले धान की खपत रोकने प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी के नेतृत्व में मंडी एवं फुड विभाग की संयुक्त टीम अभियान चलाकर निगरानी कर रही है। जांच टीम ने शहर के साथ ग्रामीण गल्ला व्यापारियों की दुकानों और गोदामों को खंगाला है। गल्ला व्यपारियों के गोदाम में रखे अनाज एवं उनसे संबंधित दस्तावेज भी खंगाले गए है।प्रशासनिक अधिकारियों ने अभी तक इस मामले की किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं किया है।

### गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**अंबागढ़ चौकी।** जनजाति गौरव दिवस आगामी 3 दिसंबर को नगर में भव्य कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हो सकते हैं। जनजातीय विकास एवं उत्थान संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम जनपद भवन के पीछे स्थित क्रिकेट मैदान में होगा। आयोजन को सफल बनाने नीलकंठ कोमरे, लेकेश्वर ठाकुर, लेखराम ठाकुर, मनहरण पिथौरा, आत्मा चंद्रवंशी, चिंता नायक, नरसिंग भंडारी, योगेन्द्र कोड़ापे, रतन ठाकुर, बुधराम पाण्डेरोई, यादवराम मंडावी, मनोज चंद्रवंशी, दिलीप खरे, पुनऊराम फूलकौरे, जीवन भंडारी, अनिल ठाकुर, वीरेंद्र सुधाकर,भजन साहू, देव यादव, विजय ठाकुर, हेमंत गंगासागर, सुंदर मंडावी, भावसिंग जुरेशिया, जीवन कश्यप, गिरधर सोनवानी, तुलसी वर्मा, यशवंत निर्मलकर सहित अन्य जुटे हैं।



### ऑनलाइन टोकन की लिमिट बढ़ाने की मांग

**सड़क अतरिया।** समिति प्रबंधक एवं कम्प्यूटर आपरेटर की वापसी के बाद धान खरीदी केन्द्रों में रौनक दिखाई देने लगी है। वहीं धान की लुआई मिजाई में तेजी आ गई है। हरूना के बाद लंबी अवधि में पकने वाले धान की कटाई में जोर शोर से चल रही है। उपार्जन केन्द्रों में आने वाले दिनों में धान बेचने का दबाव बढ़ जायेगा। किसानों ने बताया कि आनलाईन टोकन का समय सुबह 8 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। सुबह 8 बजे टोकन कटना शुरू होता है और चंद मिनटों में ही निर्धारित लिमिट समाप्त हो जाती है। टोकन पाने सुबह से किसान मोबाईल या कम्प्यूटर सेंटर में बैठ कर टोकन काटने में लगे रहते हैं पर चंद मिनटों में भी लिमिट पूरा हो जाने से परेशान होते हैं। किसानों ने आनलाईन टोकन की लिमिट बढ़ाने की मांग की है।



### पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष 27 को आएंगे

**मोहला।** छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरूराम निषाद, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा, सचिव संकल्प साहू तथा सहायक अनु.अधि. अनिता डेकाटे 27 नवंबर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्नयोजनाओं की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक के पश्चात 3 बजे रेस्ट हाउस सभाकक्ष में पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधियों के साथ भेंट एवं चर्चा करेंगे। जनप्रतिनिधियों के सुझावों, मांगों और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार किया जाएगा।

### चिराग अग्रवाल का निधन



**डोंगरगढ़।** महावीरपारा निवासी स्व. विष्णुप्रसाद अग्रवाल के पुत्र चिराग अग्रवाल का 41 वर्ष की उम्र में असामयिक निधन हो गया। वह गत पांच सात वर्षों से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर अग्रवाल समाज, मारवाडी समाज सहित अन्य ने शोक व्यक्त किया है।

## चार करोड़ की लागत से होगा इंटेकवेल, डब्लूटीपी का निर्माण

# अंबागढ़ चौकी में बिछेगी पाइप लाइन बीस हजार आबादी को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

जल आर्वद्धन योजना अंतर्गत नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाईन बिछाना शुरू हो गया है।

नगर में 35 किमी पाईप लाईन बिछेगी। नगर के सभी वार्डो में पाईप लाईन बिछाया जाएगा। पाईप लाईन बिछाने का काम शुरू होते ही पेयजल आपूर्ति बाधित होने को लेकर शिकायतों का दौर भी शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार नगर में बीते सप्ताह से पाईप लाईन बिछाने का कार्य प्रारंभ हुआ है। पहले चरण में गांधी चौक से गुप्ता चौक तक पाईप लाईन बिछाया जा रहा है। इसके बाद अन्य मुख्य मार्ग में वन बाई वन पाईप लाईन बिछाया जाएगा।



### शीत ऋतु में काम को प्राथमिकता

शीत ऋतु में पानी की कम आवष्यकता को देखते हुए नगर अध्यक्ष ने मुख्य मार्गो एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रो में पाईप लाईन बिछाने कहा है। उन्होंने पेयजल संकट से जुझने वाले वार्डो एवं मोहल्लो में ही पाईप लाईन बिछाने कहा है ताकि गर्मी के समय पेयजल संकट का सामना लोगों को न करना पड़े। जानकारी दी गई कि मेन रोड में दिसंबर माह तक पाईप लाईन बिछाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### 11 करोड़ मंजूर

नगर में पेयजल आपूर्ति के लिए जल आवर्धन योजना के तहत 11 करोड 67 लाख की लागत से कार्य होगा। नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के पहले कार्यकाल में डॉ रमन सिंह की सरकार ने इस योजना से मंजूरी दी थी। पांच वर्ष से यह योजना ठंडे बस्ते में थी। श्री मानिकपुरी के दोबारा अध्यक्ष बनने के बाद इस योजना का क्रियान्वयन शुरू हो गया है।

### 25 लाख लीटर पानी की होगी आपूर्ति

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने बताया कि राज्य शासन ने भविष्य को ध्यान मे रखते हुए जल आवर्धन योजना को मंजूरी दी है। योजना के पूर्ण होने पर बोर व नलकूप से पेयजल आपूर्ति बंद हो जाएगी। नगरीय निकाय में इंटेकवेल निर्माण के बाद प्रतिदिन 25 लाख लीटर पेयजल आपूर्ति होगी।

### शिकवा शिकायत का दौर

पाईप लाईन बिछाने का काम शुरू होते ही पुरानी पाईप से दिए गए नल कनेक्शन के टूटने और क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें मिल रही है। गांधी चौक में पिछले तीन चार दिनो में कई लोगों ने नल कनेक्शन टूटने की शिकायत की है। इधर नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिया है कि पाईप लाईन के लिए खोदाई कार्य सावधानी पूर्वक करे। जिस भी वार्ड, मार्ग एवं गलियो में खोदाई के दौरान जल विभाग के कर्मचारियों को साथ रखे।

## आरटीओ के ई-चालान का शुरू हुआ विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा चौक में लगे ई-चालान को लेकर स्थानीय वाहन चालक एवं ग्रामीण विरोध जता रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मंगलवार को भाजपा मंड़ल अध्यक्ष आनंद पटेल की अगुवाई में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल से मुलाकात कर नर्मदा चौक से ई-चालान को हटाने की मांग किया है।

ज्ञात हो कि माह अगस्त में नर्मदा चौक के दोनों ओर राजनांदगांव कवर्धा मुख्य मार्ग में कैमरा लगाया गया था। बीते सप्ताह से मानिटरिंग शुरू हो गई है। वाहन चालक एवं ग्रामीणों ने बताया कि बीते सप्ताह से चौक में बिना पूर्व सूचना के ई-चालान की प्रक्रिया शुरू कर दिया गया। उन्होंने ई-चालान की प्रक्रिया को अनुचित बताते हुए कहा कि वाहन चालकों को ई चालान कटने की जानकारी नहीं थी।वह जितनी बार चौक से गुजर रहे हे उतनी बार चालान कट रहा है। दो पहिया वाहन का दो हजार, चार पहिया का छह हजार चालान कटना बताया जा रहा है। कई वाहन चालकों की चालान दस व बीस हजार तक कट चुका है।

### बाजार पर बुरा असर

नर्मदा आसपास के दर्जन भर से अधिक गांव का केन्द्र है। यहां आसपास के ग्रामीण दैनिक उपयोग की वस्तुएं सहित अन्य सामानों की खरीदी करने आते है। नियमों की अनदेखी से चालान की मोटी रकम कटने से व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। सड़कों पर चलने वाले छोटे बड़े वाहनों को यातायात नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नियम का उल्लंघन करने पर ई-चालान काटा जा रहा है। जानकारी अनुसार दो पहिया वाहनों में बीमा नहीं होने, प्रदूषण नियंत्रण, तीन सीट तो बड़े वाहनों में बीमा, फिटनेस, प्रदूषण नियंत्रण नहीं होने की दसा में ई-चालान कटने की जानकारी है। इसके अलावा तेज रफ्तार, ओवर लोड, गलत दिशा पर वाहन चलाना आदि पर भी चालान कटना है।

## चाक का वितरण, कुंभकारों को सशक्त बना रही राज्य की साय सरकार : गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगर के कुंभकारों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की योजना के तहत इलेक्ट्रीक चाक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी एवं अन्य ने कुंभकार समाज के लोगों को चाक प्रदान किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि कुंभकारों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर सरकार उन्हे सशक्त बना रही है। नई तकनीक से न केवल उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि गुणवत्ता में भी सुधार होगा। इस प्रकार की पहल से स्थानीय स्तर पर रोज़गार सृजन के साथ आय में वृद्धि के अवसर बढ़ेंगे। इस मौके पर 10 परिवारों को चाक प्रदान किया गया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वरुपचंद जैन, पूर्व जिला भाजपा मंत्री रामकिशन माहेश्वरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, संतोष यादव, पार्षद राजा जैन सहित अन्य उपस्थित थे।



## पशुओं का किया निःशुल्क इलाज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में लगातार पशु चिकित्सा शिविर आयोजित कर पशुओं का निःशुल्क ईलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में पशुधन विकास विभाग द्वारा छुरिया विकासखंड के ग्राम तेलगांन और बीजेपार में एक दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पशु चिकित्सा शिविर में कृषकों एवं पशुपालकों को पशु विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। पशुओं का टीकाकरण एवं बधियाकरण किया गया। बीमार पशुओं का उपचार भी किया गया। पशुओं को गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाने पर पशु चिकित्सालय लाने की सलाह दी गई। पशु चिकित्सा शिविर में वत्स्पालन, टीकाकरण, बधियाकरण की आवश्यकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## संविधान की रक्षा का सभी ने लिया संकल्प

**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में संविधान के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए रक्षा का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम में प्राचार्य खेमलता दास, व्याख्याता माखनलाल ठाकुर, चंद्रशेखर उइके, संगीता सोनटेके, गीतांजलि साहू, अनिल चंद्रवंशी, कंचन ठाकुर, मोहनलाल कश्यप, दिलीपकुमार, भीषमलाल, भारती साहू, यशवंत देवांगन, अंजुम शबा, दिलेश्वरी साहू, रेशमा महाजन, पूजा कोमरे, अजहर खान, नीलकमल, शुभम, संचारिका, वंदना, ओमेंद्र साहू, प्रथम उपाध्याय शामिल हुए। प्राचार्य ने कहा कि भारत के संविधान को दुनिया भर के बेहतरीन संविधानों से मिलाकर बनाया गया है। यह दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है।



## अध्यक्ष ने सौंपा बीएलए की सूची



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के अभियान को गति देते हुए मुढ़ीपार ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे और जिला कांग्रेस महामंत्री सज्जाक खान को बूथ लेवल एजेंट की सूची सौंप दी है। कांग्रेस संगठन द्वारा प्रत्येक बूथ पर बीएलए नियुक्त करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। सूची सौंपने के दौरान कोमल साहू ने बताया कि पार्टी के निर्देशानुसार हर बूथ पर सक्षम और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, जिससे आगामी चुनावों में बूथ प्रबंधन मजबूत रहे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि संगठन विस्तार और बूथ सुदृढ़ीकरण कांग्रेस की प्राथमिकता है। बीएलए की नियुक्ति इस दिशा में बड़ा कदम है। जिला कांग्रेस कमेटी क्षरा सभी ब्लॉकों में बीएलए की तैनाती की जा रही है, ताकि प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस की मौजूदगी प्रभावी रहे और मतदाता सूची से लेकर मतदान दिवस तक सभी कार्य सुचारू रूप से हो सके।

## सुरक्षित पारा, सुरक्षित लइका कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- रासेयो स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों और बच्चों को किया जागरूक

सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन घुघवा साल्हे में यूनिसेफ एवं रासेयो छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में किया गया। डॉ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एके धमगाये के मार्गदर्शन तथा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रियांकी गजभिए, डॉआशाराम साहू के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को स्वास्थ्य, पोषण आहार, स्वच्छता, नशामुक्ति, गुडटच- बैडटच के बारे में नुक्कड़ नाटक, देशी खेल के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया। बाल अधिकार संरक्षण अंतर्गत बाल श्रम, शिक्षा का महत्व तथा नशा के दुष्प्रभाव से रैली, नारा लेखन कर अवगत कराया गया। स्वयंसेवकों ने प्राथमिक शाला तथा आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर बच्चों को इस गतिविधि में शामिल किया और इन विषयों की जानकारी दी।

जिला संगठक मोनिका दास ने कार्यक्रम में शामिल होकर स्वयं सेवकों के इस कार्य की सराहना की। प्रधान पाठक गार्गील चौधरी, शिक्षिका धनेश्वरी महेंद्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमबाई साहू, अंजू पटेल ने आयोजन में सहयोग दिया। पूरे कार्यक्रम में स्वयंसेवक आकाश बोरकर, सत्यम वैष्णव, रेशमी साहू, पुष्पांजलि माली आदि की उपस्थिति रही।



## संविधान दिवस पर हुए कार्यक्रम, विशेषता पर डाला गया प्रकाश

# प्रस्तावना का वाचन, संविधान की रक्षा का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई के सभागार में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन राज्य शहरी विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर किया गया था। इस आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने जनप्रतिनिधियों, महिला समूहों, स्वच्छता दीदियों को संविधान के महत्व की जानकारी दी। खुसरो ने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान पारित हुआ थाख जिसे 26 जनवरी 1950 को देश में लागू किया गया। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने सारे वर्गों को साथ लेकर संविधान की रचना की। अध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जनता के बीच में हमें सेवा का अवसर दिया है, इसलिए संविधान की यह किताब हमेशा हम सभी के सामने होनी चाहिए। अंत में आभार प्रदर्शन सीएमओ अविनाश देवांगन ने किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, पार्षद दिलीप ओगरे, अशोक पटेल, मनीष सोनी, नारायण चतुर्वेदी सहित महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थीं।

### नागरिक करें कर्तव्यों का पालन

**छुईखदान।** शहीद नगरी में बुधवार को संविधान दिवस मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनीता जैन तथा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास मुख्य रूप से शामिल हुए। संविधान दिवस के अवसर पर जिला प्रेस क्लब के सज्जाक खान ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों को संविधान की शपथ दिलाई। इस दौरान सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास ने संविधान के इतिहास, महत्व और नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संविधान को लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार बताते हुए कहा कि नागरिकों को इसके प्रति जागरूक एवं प्रतिबद्ध रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिला ठेकदार संघ अध्यक्ष संजय महोबिया, इमरान खान, घनाराम देवांगन, कृष्णकांत महोबिया, राधेलाल महोबिया, दिलीप नीरज, श्रीकांत, सरस्वती यादव, बीना दाऊ, मुकेश वैष्णव, भूपेंद्र चौबे सहित अन्य उपस्थित थे।



न्यायालय-प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

//समंस//

प्रोसेस क्रमांक-2072/2025, प्रकरण क्रमांक-CS. 139/2025
पक्षकार-जितेन्द्र देवदास विरुद्ध पुनम देवदास
पेशी तिथि- 05.01.2026

आवेदक- जितेन्द्र देवदास आ. नारायण देवदास, उम्र 43 वर्ष, निवासी गंजीपारा, वार्ड नं. 03, खैरागढ़ जिला-के.सी.जी. छ.ग., वर्तमान पता- इंदिरावती नगर, बी. के. किराना स्टोर के सामने, कोहका भिलाई, जिला दुर्ग छ०ग०, बनाम, अनावेदिका-श्रीमती पूनम देवदास पति जितेन्द्र देवदास, उम्र 32 वर्ष, स्थायी निवासी मोतीपुर, सोनारचाल, राजनांदगांव, तह. व जिला राजनांदगांव छ.ग.

उपरोक्त आवेदिका ने धारा 13 (1) (1 क) हिन्दु विवाह अधिनियम पक्षकार जितेन्द्र देवदास विरुद्ध पूनम देवदास के अंतर्गत ऊपर वर्णित अनावेदिका के विरुध्द आवेदन प्रस्तुत किया है। आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायलय में पेशी दिनांक 05 माह 01 सन् 2026 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीटर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में दुर्ग किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/2025 को इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(थॉमस एक्का)
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

## सार समाचार

### खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे में पांच सिल्वर-गोल्ड लेकर गेम्स में दूसरा स्थान

**मोहला।** जिला मुंगेली स्थित श्यामप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय दो दिवसीय खेलो छत्तीसगढ़ यूथ कराटे 2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें जिला मोहला-मानपुर-अंचौकी की ओर से पांच प्रतिभागी हिस्सा लिए थे। जिले की बेटियों ने जीत का परचम लहराया है। पूरे प्रतियोगिता में मोहला-मानपुर-अं.चौकी की बेटियों ने कुल पांच पदक सहित दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिससे जिले का गौरव बढ़ा है। क्रमशः आमाटोला की सावित्री धुर्वे, पाटनवाड़वी की अरुणा जाड़े एवं ग्राम सरोली की चांदनी सोरी को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है, वहीं ग्राम परालझरी की ममता नूरेटी एवं ग्राम पाटनवाड़वी की गौरी हारमें को रजत पदक प्राप्त हुआ है। विधानसभा एवं जिले का गौरव बढ़ाने पर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने प्रतिभागी बेटियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया है।



### आज मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कल 27 नवंबर को संत तारण तरण जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने, 5000 रुपए अर्थदंड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों से कहा कि उपरोक्त आदेश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें एवं अपने संबंधित क्षेत्रों में पर्यवेक्षण रखे।

### आलीखूंटा में एसआईआर 100 फीसदी पूर्ण



**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रारंभ की गई एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन पुनरीक्षण कार्य में लगे हुए हैं। इस प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश पदाधिकारियों को अपने नाम वाले मतदान केंद्र की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत राजनांदगांव विधानसभा के ग्राम आलीखुंटा बूथ नं. 162 में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी शाहिद भाई अपने ग्राम के इस बूथ के बीएलओ से लगातार संपर्क कर अपने बूथ के मतदाताओं के नामों का सत्यापन पूरी सत्यता से हो, इस पर ध्यान रखते एसआईआर की प्रक्रिया 100 प्रतिशत पूर्ण होने पर अपने ग्राम पहुंचकर अपने बूथ की बीएलओ हेमलता साहू का शाल से सम्मान किया और उनके कर्तव्य निष्ठा की तारीफ की। शाहिद ने कहा कि असमय एसआईआर एक थोपा गया प्रक्रिया है। कम समय में यह कार्य परेशानी वाला है, इसलिए कांग्रेस जिन प्रदेशों में यह चल रहा है, वहां पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य हो, ताकि वास्तविक मतदाताओं के नाम किसी त्रुटि/साजिश के कारण ना काटे, इस संकल्प के साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी इस कार्य में जुटी हुई है। शाहिद द्वारा बीएलओ के सम्मान के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, क्षेत्रीय नेता चैन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फुलेश्वरी साहू, हीरा सिंह, सदाराम साहू, खेदूराम साहू, परऊराम साहू, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### अवैध शराब सहित अन्य मुद्दों में एसपी को ज्ञापन

**राजनांदगांव।** जनता कांग्रेस युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने तीन अलग-अलग मुद्दों को लेकर कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमशुल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। जनता कांग्रेस जोगी के कार्यकर्ताओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की।

पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए ज्ञापन के माध्यम से की गई शिकायत को लेकर युवा जनता कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमशुल आलम ने कहा कि बीते दिनों शहर के दीक्षित मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक मरीज की मृत्यु हो गई थी। यहां आयुष्मान से मरीज के भर्ती होने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगभग 12400 रुपए मरीज के परिजनों से लिए गए। मामले की थाना में शिकायत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने गलती स्वीकार करते लगभग 12400 मरीज के परिजनों को लौटाए, लेकिन इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि सीएमएचओ ने जांच टीम गठित कर जांच के लिए आश्वासन



दिया था। वहीं एक अन्य मामले में तुलसीपुर निवासी मुकेश साहू और उनके अनावेदक का काउंटर रिपोर्ट बनाया जाना था, पर पुलिस प्रशासन ने मुकेश साहू के खिलाफ ही एकतरफा कार्रवाई कर दी।

#### सीमावर्ती क्षेत्र से शराब आने की शिकायत

युवा जनता कांग्रेस द्वारा अवैध शराब के मामले में अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि बाघनदी, बोरतलाब, ककोड़ी जैसे महाराष्ट्र बॉर्डर से अवैध शराब आ रही है और कोचियों द्वारा बेची जा रही है। उन्होंने एसपी से कोचियों को संरक्षण देने वाले आबकारी के अधिकारियों और ढाबों में बिक रही अवैध शराब को लेकर ढाबा संचालकों पर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ऋषभ रामटेके, पंकज सिन्हा, बिलाल सोलिन खान, अनवर खान, साहिल खान सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## निधन



### डॉ. सूर्यप्रकाश द्विवेदी

**राजनांदगांव।** रामाधीन मार्ग निवासी नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक, कान्यकुब्ज सभा के संरक्षक डॉ. सूर्यप्रकाश द्विवेदी का 76 वर्ष की आयु में 26 नवम्बर बुधवार को सुबह 7.30 बजे उनके आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र सचिन तथा दो पुत्रियों सहित नाती-पोतों से भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार कल 27 नवंबर गुरुवार को सुबह 10 बजे लखोली मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### आयुष्मती पुष्पा कांडे

**राजनांदगांव।** ग्रीन सिटी निवासी गौतम कांडे की धर्मपत्नी आयुष्मती पुष्पा कांडे का 24 नवंबर को निधन हो गया। उनका स्वास्थ्य विगत दिनों से खराब था। वे अपने पीछे पति और दो बच्चियों का परिवार छोड़ गई। वे जिला अस्पताल राजनांदगांव में स्टॉफ नर्सिंग सिस्टर के पद पर कार्यरत थी।

### डायरिया के प्रकोप पर काबू पाने अतिरिक्त चिकित्सा दल तैनात

# नया करेला में दूषित जल का कहर पचास बीमार, नौ का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के करेला भवानी पंचायत अंतर्गत नया करेला गांव में दूषित पेयजल के कारण फैला डायरिया का प्रकोप स्वास्थ्य विभाग की त्वरित कारवाई के कारण लगभग थम सा गया है।

रविवार रात से शुरू बीमारी में लगभग 50 लोग पीड़ित हुए। पांच की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। तीन दिन बाद की स्थिति में अब बीमारी के फैलाव पर काफी हद तक विभाग ने लगाम कस ली है। वर्तमान में महज 9 मरीज ही सिविल अस्पताल में भर्ती है। जबकि बाकी इलाज से राहत पाकर वापस घर लौट गए हैं।

चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार जांच, दवाइयों और उपचार की व्यवस्था में जुट गए। सिविल अस्पताल ने अतिरिक्त चिकित्सा दल तैनात कर दिया, ताकि मरीजों की बढ़ती संख्या को संभाला जा सके। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा ने बताया कि अनुसार अधिकांश मरीज अब पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं।



#### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लगाया शिविर

गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित पानी टंकी और पाईप लाइन की लंबे समय से सफाई नहीं हुई थी। कई स्थानों पर पाईप लाइन गंदी नालियों के संपर्क में आकर प्रदूषित हो चुकी थी। जिससे पेयजल संक्रमित हुआ। इसी प्रदूषित जल के सेवन से गांव में बीमारी तेजी से फैली और बच्चे, किशोर, बुजुर्ग तथा युवा सभी एक-एक कर बीमार होते गए। रविवार रात को स्थिति बिगड़ने और सोमवार सुबह स्थिति गंभीर होने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम नया करेला पहुंची और आपात स्वास्थ्य शिविर लगाया।

### विवाद कर रहे अनावेदक पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शांतिभंग करने की नीयत से विवाद कर रहे अनावेदक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा थाना में प्राप्त शिकायत जांच के दौरान अनावेदक द्वारा आक्रोशित होकर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की नीयत से वाद-विवाद कर रहे राजेन्द्र कस्तूरे 30 साल निवासी ग्राम भेजरी थाना अमरकंटक जिला अनुपपुर हाल पता ग्राम सोमनी आवासपारा को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर अनावेदक को प्रतिबंधित करने पृथक से धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश किया गया है।

## निगम ने हटायी कबाड़ी दुकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम सीमाक्षेत्र के गंज चौक के समीप रफीक भाई बीबा आ. स्व. हाजी हबीब बीबा राजनांदगांव द्वारा अवैध रूप से शासकीय नजूल भूमि पर काबिज होकर कबाड़ी दुकान का संचालन किया जा रहा था।



रफीक बीबा द्वारा गंज चौक स्थित शासकीय भूमि नजूल शीट क्रं. 61-ए भूखंड क्रं. 43/1 कुल 684 वर्गफीट पर अपना हक होना बताकर माननीय उच्च न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा 24 फरवरी 2022 में पारित निर्णय अनुसार काबिज भूमि के एवज में 10 फरवरी 2023 मोहल्ला गंज लाइन स्थित शीट क्रं. 61-ए, भूखंड क्रं. 40 में से 684 वर्गफुट भूमि का अस्थाई पट्टा रफीक भाई बीबा के नाम पर जारी किए जाने के आदेश पारित किए गए थे, किन्तु रफीक बीबा द्वारा काबिज तथा आबंटित भूमि दोनों पर कब्जा कर कबाड़ी दुकान का संचालन किया जा रहा था, जिसे माननीय न्यायालय के डब्लूपीसी नंबर 4690/2025 में पारित निर्णय 3 सितंबर 2025 के पालन में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता द्वारा वर्तमान कब्जे की भूमि को रिक्त कराया गया।

## 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से किसानों के धान की खरीदी करने के निर्देश

- कलेक्टर ने धान उपार्जन केन्द्रों में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज धान उपार्जन केन्द्र तुमड़ीबोड़, तिलईरवार, महाराजपुर, कोहका का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने धान उपार्जन केन्द्रों में संधारित पंजी, प्रतिदिन की धान खरीदी का अवलोकन किया।

उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में धान तौलाई, पेयजल, छांव, बैठक व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता, स्टेकिंग एवं अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से किसानों के धान की खरीदी करने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

कलेक्टर ने किसानों से धान उपार्जन केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र के माध्यम से धान में नमी की जांच करते हुए गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी करने के लिए कहा। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों में धान के बेहतर रखरखाव के निर्देश दिए। इस अवसर पर खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## डीईओ पहुंचे स्कूल, कई शिक्षक मिले अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने विकासखंड खैरागढ़ और छुईखदान के विभिन्न शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति, मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में लापरवाही सामने आई।

खैरागढ़ विकासखंड के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भूलाटोला के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति परीक्षण में केवल एक शिक्षक उपस्थित पाया गया। शिक्षक आनंद यादव, अजय कुमार साहू, अशोक कुमार जंघेल और नीरा सिंह राजपूत अनुपस्थित रहे। डीईओ ने सेजेस छुईखदान और वनांचल क्षेत्र में स्थित प्राथमिक शाला कुम्हरवाड़ा, प्राथमिक शाला मजगांव और पूर्व माध्यमिक शाला समुंदपानी का निरीक्षण किया गया।



प्राथमिक शाला संजारी के आकस्मिक निरीक्षण में स्थिति और भी अधिक चिंताजनक पाई गई। शाला में पदस्थ दोनों शिक्षक सुधीर कुमार नायक और जागेश्वर देशमुख अनुपस्थित पाए गए। वहीं मध्यान्ह भोजन में बच्चों को केवल दाल और चावल परोसा जा रहा था। बच्चों के पोषण आहार व्यवस्था में इस लापरवाही को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी ने दोनों अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

## शहर में स्वदेशी संकल्प यात्रा का आगमन आज

**राजनांदगांव।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संचालित स्वदेशी संकल्प यात्रा के आगमन को लेकर संस्था से जुड़े लोगों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित में बताया कि यह यात्रा छत्तीसगढ़ में 27 नवंबर प्रवेश करेगी और यह प्रदेश में 21 दिसंबर तक भ्रमण करते हुए 2500 किलोमीटर यात्रा पूरी करेगी। यात्रा का शुभारंभ गुरुवार सुबह 11.30 बजे गुरुद्वारा चौक से भव्य समारोह के साथ किया जाएगा। जिसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस यात्रा को झंडी दिखा रवाना करेंगे। यह यात्रा गुरुद्वारा चौक से प्रारंभ होकर महाकाल चौक, सिनेमा लाइन, आजाद चौक, हलवाई लाइन, भारत माता चौक, गंज लाइन पहुंचेगी।




#### कार्यालय का शुभारंभ

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा के शुभारंभ पर सीएआईटी के जिला कार्यालय का शुभारंभ नंदई चौक में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा किया जाएगा। यह कार्यालय व्यापारिक गतिविधियों, जनसंपर्क और व्यापारी कल्याण के लिए महत्वपूर्ण केंद्र होगा।

## निगम में संविधान के प्रस्तावना का सामूहिक पठन

**राजनांदगांव।** संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को नगर निगम में भारतीय संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का सामुहिक पठन किया गया।

नगर निगम सभागृह में बुधवार को अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना (उद्देशिका) का पठन किया गया कि हम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिर्पेक्ष, लोकतंत्रात्मक, गणराज्य बनाने तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर 1949 ई. (मिति मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं। आयुक्त विश्वकर्मा ने भारत के संविधान पर प्रकाश डालते प्रस्तावना को आत्मसात करने सामुहिक पठन कराया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता दीपक खांडे, राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी, प्र. कार्यालय अधीक्षक नारायण यादव सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने भारत का संविधान के प्रस्तावना का सामुहिक पठन किया।



### उत्पात मचाने पर दो पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** उत्पात मचाने के मामले में पुलिस ने दो अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 26 नवंबर को अभियान के तहत उत्पात मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर अनावेदक जोहिदा पिस्दा 36 साल निवासी बननवागांव व नागसाय सिन्हा 48 साल निवासी जोंधरा के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर धारा-170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है।

## उद्यानिकी से निकल गया फेंसिंग तार, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन की योजना से हुए वृक्षारोपण की फेंसिंग तार को उखाड़े जाने से यहां रोपित लगभग 1400 फलदार पौधे नष्ट हो रहे हैं। जिसको लेकर लाल बहादुर नगर के पूर्व उप सरपंच ने वर्तमान नगर पंचायत के सीएमओ पर इसके संरक्षण में लापरवाही बरतने और फेंसिंग तार उखड़वाने की शिकायत करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में वर्ष 2021-22 में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 10.95 लाख रुपए की लागत से रामायण पथरा स्थित 6 एकड़ भूमि पर फलदार उद्यानिकी तैयार किया गया था। जिसमें कटहल 300 नग, आम 70 नग, अमरुद 400 नग, मुनगा 75 नग, नीबू 200 नग, पपीता 100 नग, करौंदा 150 नग, जामुन 50 नग और नीम के पौधे सहित कुल लगभग 1400 नग पौधे लगाए गए थे। पूर्व उप सरपंच राकेश सिन्हा ने कहा कि इस वृक्षारोपण को जीवित रखने के लिए ग्राम पंचायत द्वारा समय-समय पर देखरेख किया जाता था। पानी व्यवस्था के लिए वहां पर 1 हैंडपंप, सोलर पंप और पंप घर की व्यवस्था की गई थी, परन्तु वर्तमान नगर पंचायत के सीएमओ शैलेष पांडे द्वारा वृक्षारोपण स्थल का तार घेरा एंगल को बिना निकलवा दिया गया और नगर पंचायत के पार्षदों को जानकारी भी नहीं दी गई।




#### मवेशी चट कर रहे पौधे

फलदार उद्यानिकी स्थल का सुरक्षा घेरा हटाए जाने से यहां पर मवेशी प्रवेश कर रहे हैं और पौधों को इससे नुकसान पहुंच रहा है। वहीं पौधों की देखरेख नहीं होने के चलते अधिकांश पौधे दम तोड़ने की कगार पर है।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 4 पद
(डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 2 पद
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

**जांच-पड़ताल : शराबखोर आरक्षकों के विरूद्ध पुलिस प्रशासन ने की बड़ी कार्रवाई**

# ड्यूटी के दौरान अनुशासनहीनता करने वाले तीन आरक्षक बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस प्रशासन ने विभाग में अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तीन आरक्षकों को सेवा से पदच्युत/पृथक करने की बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के कठोर निर्देशों के तहत यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब पुलिस विभाग में बार-बार अनुशासनहीनता, ड्यूटी से अनुपस्थिति और शराब सेवन जैसी गंभीर प्रवृत्तियां बढ़ती दिखाई दे रही थीं। विभागीय जांच में इन तीनों आरक्षकों का आचरण पुलिस सेवा की गरिमा, अनुशासन और जनता के प्रति जवाबदेही के पूर्णतः विपरीत पाया गया, जिसके बाद इनको सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि पुलिस बल की छवि और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए अनुशासनहीनता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कार्रवाई उन सभी कर्मचारियों के लिए संदेश है जो सेवा के नियमों और कर्तव्यपालन के मानकों का पालन नहीं करते। इस संबंध में विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक आरक्षक क्रमांक 52 अनिल मिरज द्वारा बार-बार बिना किसी सूचना के लंबे समय तक अनुपस्थित रहना, नोटिस तामील के दौरान लापरवाही, मोटर वारंट गुम करना, पूर्व में 22 दंड मिलना तथा कुल 334 दिवस की अनाधिकृत अनुपस्थिति यह दर्शाता है कि वह कर्तव्य के प्रति पूर्णतः उदासीन है। ऐसे आचरण से स्पष्ट है कि आरक्षक ने विभागीय अनुशासन को बार-बार चुनौती दी और किसी भी सुधार के संकेत नहीं दिखाए। इसी प्रकार आरक्षक क्रमांक 517 आदित्य तिवारी द्वारा बंदी पेशी जैसी अत्यंत महत्वपूर्ण ड्यूटी के दौरान शराब सेवन कर न्यायालय परिसर के बाहर ही नशे में सो जाना, ड्यूटी छोड़कर फरार हो जाना और 91 दिवस अनुपस्थित रहना अत्यंत गंभीर कदाचार है। इससे न केवल सुरक्षा जोखिम बढ़ा बल्कि पुलिस विभाग की साख पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पूर्व में भी बार-बार ड्यूटी से गायब रहने और नशे में पाए जाने पर दंडित होने के बावजूद सुधार न होना उनकी कर्तव्यहीनता को प्रमाणित करता है। वहीं जांच में आरक्षक चालक क्रमांक 272 राजेश उपाध्याय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आमद देते समय नशे में पहुंचना, गणवेश में अव्यवस्था, अनर्गल वार्तालाप और कार्यालय स्टाफ से वाद-विवाद करना पुलिस रेगुलेशन का सीधा उल्लंघन है। बार-बार दंडित होने के बाद भी सुधार न लाना और सेवा के मानकों पर खरा न उतरना, विभागीय जांच में पूर्णतः प्रमाणित पाया गया।

## विभागीय जांच में पाए गए तीनो आरक्षक दोषी




पुलिस प्रशासन के मुताबिक जांच में पाया गया कि तीनों कर्मचारियों के आचरण ने पुलिस विभाग की छवि को नुकसान पहुंचाया और यह स्पष्ट किया कि ऐसे कर्मचारी सेवा में रहने योग्य नहीं हैं। अतः तीनों को सेवा से पदच्युत/पृथक करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि आरडी कबीरधाम पुलिस यह स्पष्ट संदेश देती है कि पुलिस विभाग में नशाखोरी, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और कर्तव्यच्युति किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी कर्मचारी अपने आचरण में सुधार नहीं करेगा और पुलिस की साख को धूमिल करेगा, उसके विरुद्ध इसी प्रकार की कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। विभाग में केवल वही कर्मचारी रहेंगे जो अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और प्रोफेशनलिज्म के उच्च मानकों का पालन करेंगे।



# शिक्षा के प्रेरक शिक्षक त्रिभुवन राम साहू का उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मान

■ बच्चों को देते है प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क ऑनलाईन कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सहसपुर लोहारा विकासखंड के सिल्हाटी हायर सेकेण्डी स्कूल में स्मार्ट क्लास सुविधा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने ग्रामीण शिक्षा के प्रेरक व्यक्तित्व और प्रज्ञा ज्ञानोदय केन्द्र रक्से के संचालक त्रिभुवन राम साहू को सम्मानित किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने उनके शिक्षा क्षेत्र में योगदान की खुलकर सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचल में शिक्षा की लौ प्रज्ज्वलित करने वाले ऐसे समर्पित शिक्षक ही वास्तव में बच्चों के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं। समाज को ऐसे शिक्षकों पर गर्व है। त्रिभुवन राम साहू पिछले दो दशकों से आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीण छात्रों को बिना किसी शुल्क के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते आ रहे हैं। वर्ष 2002 से प्रारंभ हुई उनकी यह पहल अब एक संगठित रूप में विकसित हो चुकी है। 2018 से रक्से स्थित प्रज्ञा ज्ञानोदय केन्द्र के माध्यम से वे नवोदय, प्रयास आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय तथा एनएमएमएसई जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में बच्चों को सफलता दिलाने में निरंतर जुटे हुए हैं।

उनके मार्गदर्शन का परिणाम है कि अब तक लगभग 60 छात्र नवोदय विद्यालय में, 70 छात्र प्रयास आवासीय विद्यालय में, 10 छात्र एकलव्य में तथा 60 से अधिक छात्र एनएमएमएसई परीक्षा में चयनित हो चुके हैं। यह उपलब्धियां उनके समर्पण और अथक परिश्रम की स्पष्ट मिसाल हैं। श्री साहू का शैक्षणिक जीवन केवल विद्यालय तक सीमित नहीं रहा। वे जहां भी पदस्थ रहे, विद्यालयीन समय के अतिरिक्त बच्चों के लिए निःशुल्क अतिरिक्त कक्षाएं लेते रहे।

### घर-घर जाकर भी बच्चों का बढ़ाया

बताया जाता है कि कई अवसरों पर उन्होंने घर-घर जाकर बच्चों को पढ़ाया, उन्हें प्रेरित किया और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया। स्वयं नवोदय विद्यालय में चयन न होने के अनुभव को उन्होंने प्रेरणा के रूप में लिया और निश्चय किया कि कोई भी ग्रामीण बच्चा मार्गदर्शन के अभाव में पीछे न रह जाए। इसी भावना के साथ उन्होंने शिक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। डिजिटल युग के अनुरूप श्री साहू ने अपने शिक्षण मॉडल को भी आधुनिक बनाया है। आज उनकी ऑनलाइन कक्षाओं का लाभ छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के छात्र भी उठा रहे हैं। लगातार नवाचार, ऊर्जा और समर्पण के कारण उन्हें अब तक ज्ञानदीप पुरस्कार, नवाचारी शिक्षक सम्मान, प्रतिभा सम्मान और उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।

### त्रिभुवन साहू समर्पित और कर्मशील शिक्षकः विजय शर्मा

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लास, प्रोजेक्टर, डिजिटल कंटेंट जैसी सुविधाएं तभी सार्थक होती हैं जब हमारे पास त्रिभुवन राम साहू जैसे समर्पित और कर्मशील शिक्षक हों। तकनीक सिर्फ एक साधन है, लेकिन बच्चों का भविष्य शिक्षक ही गढ़ते हैं। श्री साहू जैसे शिक्षकों की वजह से ग्रामीण अंचलों के बच्चे भी बड़े अवसरों की ओर बढ़ रहे हैं। स्मार्ट क्लास शुभारंभ समारोह के दौरान बड़ी संख्या में छात्र—छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने श्री साहू को मिले सम्मान पर खुशी व्यक्त की और उन्हें शिक्षा जगत का उज्ज्वल और प्रेरणादायी चेहरा बताया। समारोह का अंत विद्यार्थियों के उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम और आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## खबर संक्षेप



### साहू समाज ने कराया आदर्श विवाह

**स.लोहारा।** श्री रामजानकी विवाह पंचमी के पावन पर्व पर तहसील साहू संघ स.लोहारा के अध्यक्ष विजय साहू के मार्गदर्शन में ग्रामीण साहू समाज अचानकपुर के संचालन में आदर्श विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक जोड़ा दम्पत्ति परिणय सूत्र में बंधा। वर पक्ष रवि साहू गैंदपुर एवं वधु पक्ष नीमा साहू अचानकपुर का विवाह पंचमी के पावन पर्व पर आज हर्षोल्लास से आदर्श विवाह का कार्यक्रम ग्राम पुरोहित पं राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय द्वारा विधि विधान से शादी कराया गया।

### भारतीय संविधान दिवस पर ली गई शपथ

**कवर्धा।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा की उपस्थिति में सुंयक्त कलेक्टर आरबी देवांगन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों को भारतीय संविधान की शपथ दिलाई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री पैकरा ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से संविधान के मूल्यों का पालन करने की अपील की। जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए शपथ ली। इस अवसर पर नायब तहसीलदार विकास जैन, खाद अधिकारी सचिन मरकाम, अधीक्षक राजेन्द्र ध्रुर्वे, कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री ने भरा, एसआईआर का फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने अपने कवर्धा प्रवास के दौरान मतदान केन्द्र में जाकर अपना विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का फार्म भरा।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कवर्धा के वार्ड क्रमांक 23 में स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 238 में पहुंचकर बीएलओ के साथ चर्चा कर अपना फॉर्म भरा। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और लोगों को हो रही समस्या के संबंध में



जाना। उन्होंने फार्म में त्रुटियों के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चुनाव आयोग द्वारा कराई जाने वाली यह एक अत्यंत आवश्यक प्रक्रिया है। मतदाता सूची के सही होने से निर्वाचन प्रक्रिया उचित तरीके से सम्पन्न हो सकेगी। एसआईआर की प्रक्रिया कराने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म भर सकते हैं या खुद भी ऑनलाइन आवेदन भरा जा सकता है।

## टीचर्स एसोसिएशन की पहल से शनिवार को सुबह 8:30 बजे से खुलेंगे स्कूल



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की पहल से जिले के स्कूल लगने के समय में बदलाव किया गया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया जिले में पड़ रही ठंड़ के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव को ध्यान में रखने हुए विद्यार्थियों के हित में जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त व मदरसा शालाओं के संचालन समय में आगामी 31 जनवरी तक के लिए परिवर्तन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 25 नवम्बर 2025 को जारी आदेश के अनुसार दो पाली में संचालित विद्यालयों में कनिष्ठ विद्यालयों का समय प्रातः 8.30 से 12 बजे तक एवं वरिष्ठ विद्यालयों का समय दोपहर 12.15 से 4.30 बजे तक रहेगा। इसी प्रकार एक पाली में संचालित शालाओं का समय सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक तथा शनिवार को प्रातः 8.30 से 12.30 बजे तक रहेगा। ज्ञातव्य हो कि टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने विगत 19 नवम्बर को डीईओ से मुलाकात कर ठंढ के कारण शाला समय में परिवर्तन की मांग किया था, जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन द्वारा शाला समय परिवर्तन के उचित निर्णय का स्वागत करते हुए अन्य जिले में गृह निवास वाले शिक्षकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एक पाली वाले विद्यालय में शनिवार का स्कूल समय प्रातः 8.30 से 11.30 तक करने की मांग किया है।

# यूकां जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के महासचिव व छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी अमित पठानिया, सह प्रभारी मोनिका मांडरे, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्ववेदी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा व जिला प्रभारी जसमित सोनू शर्मा, जनसेवक आनंद सिंह ठाकुर उपस्थित थे। बैठक मे संगठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं बैठक के बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वोट चोरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बिजली चोरी को लेकर मुख्य मंत्री विष्णु देव साय का पुतला फूंका गया वहीं वोट चोर गद्दी छोड़ का पोस्टर शहर मे लगाकर विरोध किया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी अमित पठानिया ने बताया कि पूरे देश में वोट कि चोरी कर भाजपा लोकतंत्र कि हत्या कर रही है। उन्होने कहा कि एसआईआर में गड़बड़ी की जा रही है। छत्तीसगढ़ मे बीएलओ द्वारा फॉर्म का रसीद दिया जा रहा है जिसमें बीएलओ का हस्ताक्षर ही नहीं है। उन्होने कहा कि आने वाले समय में युवा कांग्रेस द्वारा कवर्धा में सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह जिला होने के बावजूद यहां के निवासी मूलभूत सुविधा से झूझ रहे है। किसान अपनी फसल का पंजीयन कराने के लिए राजस्व कार्यालय का चक्कर काट रहे है लेकिन उनकी ससल का पंजीयन नहीं हो पा रहा है। जिसे लेकर युवा कांग्रेस किसानो के साथ मिलकर संघर्ष करेगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाल्मीकि वर्मा, तेजस्वी चंद्रवंशी, आकाश केशरवानी, हितेश चंद्रवंशी, प्रदीप यादव, कन्हैया रजक, विष्णु, हेमंत ठाकुर, वीरेन्द्र जांगड़े, अंगत पटेल, अश्वनी वर्मा, रामगोपाल वर्मा, सुधांशु बघेल, अजय बंजारे, राम विश्वकर्मा, आरिफ खान सहित बड़ी संख्या युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## एसआईआर कार्य के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर गोपाल वर्मा



**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा आज वार्ड क्रमांक 5 आदर्श नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बीएलओ द्वारा प्रगणन फॉर्म कलेक्शन और डिजिटाइजेशन कार्य के निरीक्षण पहुंचे। यहां उन्होंने वार्ड में कार्यरत बीएलओ से अब तक हुए ऑनलाइन अपडेशन कार्य की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के घर पहुंचकर उनसे फॉर्म वितरण और कलेक्शन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता निर्धारित तिथि के पूर्व फॉर्म भरकर अपने बीएलओ को अनिवार्य रूप से दें। यह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के पुनरीक्षण का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया है कि लोगों से फॉर्म लेने के लिए सुबह अथवा शाम के समय संपर्क करें। ताकि लोग घरों पर मिले और बीएलओ को फॉर्म कलेक्शन के लिए बार बार जाने की आवश्यकता न पड़े तथा फॉर्म एकत्र करने में तेजी आए। उन्होंने नगरीय निकायों में मतदान केंद्रवार मतदाताओं की अधिक संख्या के मद्देनजर डिजिटाइजेशन का कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए, जिससे समय सीमा का पालन सुनिश्चित हो। इस मौके पर सीएमओ नगरपालिका रोहित साहू, नायब तहसीलदार विकास जैन सहित उस मतदान केंद्र के बीएलओ और वार्डवासी उपस्थित थे।

**भोरमदेव जंगल में 3 किमी भीतर आबकारी विभाग की तीन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई**

# 80 लीटर अवैध शराब जब्त, 1040 किलो लाहन किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय पर लगाम लगाने आबकारी विभाग ने बीते मंगलवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर न सिर्फ तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की है बल्कि बड़ी मात्रा में महुआ की बनी अवैध शराब तथा महुआ जप्त किया है।

इस संबंध में जिला आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देश पर, जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन तथा जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के विशेष निर्देशन में विभाग की टीम ने भोरमदेव के जंगल में 3 किलोमीटर भीतर घुसकर ताबड़तोड़ रेड की। विभाग के मुताबिक मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि ग्राम छपरी के समीप जंगल के भीतर रातभर डबरी किनारे भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब तैयार की जाती है और सुबह आसपास के गांवों में सप्लाई कर अवैध मुनाफा कमाया जाता है।

इसी आधार पर आबकारी विभाग की टीम ने मंगलवार की सुबह मौके पर दबिस



देकर पहले मामले में विभाग ने ग्राम छपरी निवासी राजकुमार धुर्वे के मकान में दबिस देकर उसके कब्जे में 10 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब एक सफेद डिब्बे में बरामद की। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड की प्रक्रिया जारी है। विभाग ने दूसरे मामले में भोरमदेव जंगल के डबरी किनारे लगी अवैध हाथ भट्टी से 40 बल्क लीटर कच्ची शराब 640 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद किया। इस मामले में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसकी पातासाजी की जा रही है। इसी प्रकार तीसरे मामले में एक और भट्टी पकड़ी गई।

विभाग के मुताबिक उसी क्षेत्र में दूसरी जगह चढ़ी हुई भट्टी से 30 बल्क लीटर महुआ शराब 400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया गया। इस मामले में भी अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक गीता साहू, उपनिरीक्षक रामानंद दीवान, मुख्य आरक्षक विद्या सिंह परमार, आरक्षक अमर पिल्ले तथा अन्य स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# नवजात शिशु की कुआं में फेंक कर हत्या करने वाली आरोपी महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जिसमें एक नवजात शिशु को कुएं में फेंककर हत्या कर दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर थाना बोड़ला पुलिस की टीम ने पूरे प्रकरण की गहन जांच की। मर्ग क्रमांक 62/2025 पर दर्ज मामले की जांच प्रधान आरक्षक मनीराम कुसरे द्वारा की गई। घटना स्थल निरीक्षण, शव पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गवाहों के बयान के आधार पर यह पुष्टि हुई कि मृत नवजात शिशु आरोपी समरौतिन बाई बैगा उम्र 23 वर्ष, निवासी चेंदरा दादर दलदली, थाना तरेंगांव जंगल का था। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि आरोपी ने लगभग 15 दिन पूर्व ग्राम मुडघुसरी में प्रसव किया था। बाद में नवजात को मायके नवाटोला रानीदहरा ले जाकर आरोपी ने परिजनों के बहकावे में आकर जीवित शिशु को गांव के कुएं में फेंक दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने घटना का रिकायेशन गवाहों की मौजूदगी और वीडियोग्राफी के साथ कराया। मामले में अपराध क्रमांक 197/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को 25 नवंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया। कबीरधाम पुलिस ने कहा कि इस प्रकार की क्रूरता और निर्दोष के जीवन के विरुद्ध अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे और दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।



## ट्रायसायकिल स्कूटी के रूप में मुझे नया हौसला मिला है: सुनीता

# दिव्यांग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उपमुख्यमंत्री ने प्रदान की स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जन्म से दिव्यांग वनांचल गांव धामिनडीह की आदिवासी युवती सुश्री सुनीता धुर्वे रोज अनेक कठिनाइयों के बाद भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के तौर पर गांव की सेवा करते हुए आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही हैं, उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा के विधायक विजय शर्मा ने विधायक कार्यालय कवर्धा में उन्हें स्कूटी प्रदान कर बड़ा हौसला दिया है। सुनीता ने गत 16 नवम्बर को रेंगाखार पहुंचे श्री शर्मा को अपनी शारीरिक स्थिति और दैनिक जीवन की कठिनाइयों से अवगत कराते हुए स्कूटी दिलाने के लिए एक आवेदन सौंपा था। ठीक 10 दिन बाद ही उन्हें नई स्कूटी मिल गई।

वहीं कवर्धा विधायक कार्यालय में उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने जब स्कूटी प्रदान की तो सुनीता धुर्वे की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। सुनीता ने कहा कि वे जन्म से ही दिव्यांग हैं और अपने पैरों से चलने में अक्षम हैं। विगत 9 वर्षो से विकासखंड बोड़ला के ग्राम धामिनडीह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं, उन्हें अपने कार्य करते वक्त आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता था। जहां किसी योजना की रिपोर्टिंग हो या कोई मीटिंग उन्हें गांव से 40 किमी की दूरी पर स्थित चिल्फी परियोजना कार्यालय तक दूसरों की सहायता से जाना पड़ता था। एक महिला होने के नाते सहायता के लिए दूसरों पर निर्भर रहना उनके लिए चुनौतीपूर्ण हो गया था, जिससे समय पर कार्य संपादन भी प्रभावित होता था। पहले ट्रायसायकल मिली थी, लेकिन लंबा सफर करने में परेशानी होती थी। लेकिन अब स्कूटी मिलने से यह कठनाई दूर हो जाएगी।

सुनीता ने कहा कि 16 नबम्बर को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जब रेंगाखार जंगल में आए थे, तब मैंने उन्हें अपनी व्यथा बताई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मेरी बातों को गंभीरता से सुना। मैं कुछ मांगती उसके पहले ही उन्होंने अधिकारी से चर्चा कर मुझे सहायक उपकरणों सहित स्कूटी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आज उन्होंने मुझे स्कूटी प्रदान कर दी। उन्होने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की बहुत आभारी हूँ जो उन्होंने संवेदनशीलता दिखाते हुए मुझे तुरंत सहयोग किया, जिससे अब मैं कहीं भी बिना किसी समस्या के आ जा सकती हूं और अपना काम भी और बेहतर तरीके से कर सकती हूं।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा की संवेदनशील पहल से बीते दो वर्षो में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के 100 से अधिक दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। स्कूटी पाने वाले दिव्यांगजन अब दैनिक कार्यों, शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक गतिविधियों में अधिक सहजता और आत्मविश्वास के साथ सहभागिता कर पा रहे हैं।

### दसरू और संतु के जीवन में आई खुशहाली



उपमुख्यमंत्री ने ग्राम जोकपानी के निवासी दसरू सिंह मरकाम को इलेक्ट्रिक ट्रायसाइकल भेंट कर उनकी जिंदगी में नई ऊर्जा और खुशियां भर दीं। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम झुरगी दादर निवासी संतु बैगा को बैसाखी प्रदान किया। दिव्यांगजन की आंखों में खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि यह उपहार उनके लिए केवल वाहन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की राह का नया कदम है। दिव्यागजनों ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि शासन की यह पहल उनके सपनों को नई उड़ान देने वाली है।

# समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ने मांगे पूरी कराने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव



समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ ब्लॉक इकाई बोड़ला द्वारा एक दिवसीय एसडीएम कार्यालय घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में पूरे ब्लॉक के किसान शामिल हुए जो अपने फसल विवरण एवं रकबा संशोधन के लिए लंबे समय से परेशान होकर भटक रहे थे। वहीं तहसील कार्यालय में धान रकबा संशोधन, फसल संशोधन एवं अन्य राजस्व संबंधी विषयों पर अब तक लगभग 5000 फॉर्म जमा हो चुके हैं। इन सभी फॉर्मो का संशोधन 30 नवंबर तक पूरा होना आवश्यक है, जिससे किसान समय पर धान विक्रय एवं अन्य योजनाओं का लाभ ले सकें।

इस घेराव कार्यक्रम में कुल 231 किसानों के फॉर्म एकत्र कर एसडीएम को विधिवत रूप से सौंपे गए तथा सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने की मांग रखी गई। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ के लगातार प्रयासों से शासन-प्रशासन ने संशोधन की अंतिम तिथि को 5 दिन बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिले के सभी सोसायटी में कल से संशोधन, रकबा कम, फसल विवरण, त्रुटि फार्म जमा किया जाएगा, किसान भाइयों को तहसील या एसडीएम कार्यालय का चक्कर नही लगाना पड़ेगा।

वहीं एसडीएम द्वारा किसानों को आश्वासन दिया गया कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ किसानों की समस्याओं के समाधान तथा उनके अधिकारों की रक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है। इस कार्यक्रम के नेतृत्व कर्ता जिलाध्यक्ष सोनी वर्मा, जिला महामंत्री राजाराम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सुनील जायसवाल, कुंडा ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष कुमार चंद्राकर, बोड़ला अध्यक्ष उमेश वर्मा, कवर्धा अध्यक्ष अजय कुमार चंद्रवंशी, जिला जैविक प्रमुख श्याम सुंदर वर्मा, बोड़ला मीडिया प्रभारी किरण वर्मा, उपाध्यक्ष मोहन वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, आशीष वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण कृषक गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### ग्रापं पेण्ड्रीकला में एसआईआर कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण

**हरिभूमि कोलेगांव।** वर्तमान में राज्य भर के निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कराया जा रहा है, जिसमें ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव रोजगार सहायक, ग्राम कोटवार सहित कर्मचारी मिलकर एसआईआर द्वारा कार्य को तेजी एवं लगन से कर रहे हैं। इस पुनरीक्षण कार्य से किसी मतदाता का त्रुटिवश एक से अधिक स्थानों पर नाम है तो वह सुधार कर केवल एक मतदाता का एक ही जगह नाम रहेगा। इसी कड़ी में विकासखंड पंडरिया के कुण्डा सर्कल अंतर्गत तहसीलदार रविंद्र कुमार कुर्रे एवं नायब तहसीलदार सुश्री नेहा उइके तथा महिला बाल विकास अधिकारी बृजेश सोनी द्वारा एसआईआर मास्टर ट्रेनर्स मुन्ना लाल चंद्राकार व्याख्याता एवं कलीराम चंद्राकर शिक्षक द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को पुनरीक्षण कार्य संबंधी बारीकियो को भली-भांति चिन्हित कर बताया गया है। जिनके सहयोग से विकासखंड पंडरिया के सभी ग्राम पंचायत में यह कार्य तेजी पर है वहीं पर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला भाग संख्या 190 में कुल 1441 फार्म वितरण कर 1441 फॉर्म को सबमिट कर लिया गया है इस कार्य में सर्वप्रथम कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम पंचायत पेंड्रीकला के सभी 15 वार्डों में प्रत्येक घरों में जाकर फार्म वितरण कर उसे भरने संबंधी जानकारी ग्रामवासियों को घर-घर जाकर दिया गया एवं दूसरे तीसरे दिन जाकर पुनः उसे जमा लेकर अपलोड कर ऑनलाइन कार्य किया गया।

# संविधान दिवस पर विद्यालय में वाचन पुरस्कार वितरण व पौधारोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदूर

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला खैरझीटी-पुराना में बुधवार को संविधान दिवस धूमधाम एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति थानेश्वर जायसवाल रहे साथ ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता, सहा-विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर, सरपंच चैतराम धुर्वे एवं पंचगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की उद्देशिका के सामूहिक वाचन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अतिथियों ने भाग लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था व्यक्त की। वहीं सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि श्री जायसवाल द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। वहीं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जिसमें थानेश्वर जायसवाल, एमके गुप्ता, दीपक ठाकुर, बीआर पुसाम एवं चैतराम धुर्वे शामिल थें व अतिथियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर हॉयर सेकेण्डरी स्कूल खैरझीटी के नव



पदोन्नत प्राचार्य दीपक ठाकुर का अतिथियों एवं विद्यार्थियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय उपस्थिति रही।

# रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर छात्रा सम्मेलन



- नारी-सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महारानी रानी लक्ष्मीबाई की जयंती अवसर पर भव्य छात्रा सम्मेलन का आयोजन गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की दर्जनों शिक्षण संस्थाओं से छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि रानी लक्ष्मीबाई केवल वीरता का ही नहीं, बल्कि नारी-सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता का भी प्रतीक हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में आवश्यकता है कि प्रत्येक छात्रा शिक्षा, सुरक्षा, आत्म-निर्भरता और सामाजिक नेतृत्व में आगे बढ़े।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सभापति श्रीमती पूर्णिमा साहू ने अतिथि स्वागत उद्बोधन से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और विद्यार्थी परिषद द्वारा किए गए कार्यक्रमो की सराहना की। उन्होंने कहा नारी-सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला यह कार्यक्रम अत्यंत सराहनीय है।

परिषद वक्ता के रूप में उपस्थित पूर्व प्रांत छात्रा प्रमुख नेहा ठाकुर ने बताया कि संगठन लगातार छात्राओं के लिए सुरक्षित, प्रेरक और प्रगतिशील वातावरण बनाने हेतु विभिन्न गतिविधियों का संचालन करता रहता है, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई का कार्यक्रम विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय कार्यक्रम है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से श्रीमती रश्मि विजय शर्मा, सभापति श्रीमती पूर्णिमा साहू, नेहा ठाकुर, विभाग प्रमुख रामशरण चंद्रवंशी, जिला संयोजक गजाधर वर्मा, गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या के तिग्गा प्रमुख रूप से अतिथि के रूप में उपस्थित थें।

# स्वदेशी संकल्प यात्रा का कवर्धा में कल भव्य स्वागत

- कैट व स्वदेशी जागरण मंच की संयुक्त स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा 28 नवम्बर को।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट व स्वदेशी जागरण मंच की संयुक्त स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा 28 नवम्बर को कबीरधाम जिले में प्रवेश करेगी। स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन, विदेशी वस्तुओं से होने वाले नुकसान पर जन-जागरण और स्थानीय व्यापार–उद्योग को बढ़ावा देना इस राष्ट्रव्यापी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। यात्रा का शुभारंभ पीजी कॉलेज ग्राउंड के सामने विवेकानंद वाचनालय में स्वागत एवं उद्बोधन के साथ होगा। इसके बाद रथ शहर के निर्धारित मार्ग स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गंगानगर, भगवा झंडा चौक, वीर स्तम्भ चौक, बस स्टैंड, गुरुगोविंद चौक, गुरु तेग बहादुर चौक, ठाकुरदेव चौक, आजाद चौक, महावीर स्वामी चौक, ऋषभ देव चौक होते हुए ठाकुरपारा तक पहुंचेगा और आगे बेमेतरा जिले की ओर रवाना होगा। यात्रा के दौरान हर प्रमुख चौक पर एलईटी स्क्रीन से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, विदेशी उत्पादों के दुष्प्रभाव और स्थानीय उद्यमिता के महत्व पर संदेश दिए जाएंगे। विभिन्न सामाजिक व व्यापारी संगठनों द्वारा नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित होंगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, कैट प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश आहूजा, जिला अध्यक्ष दीप शर्मा, स्वदेशी जागरण मंच के अतुल देशलहरा सहित कई सामाजिक व व्यापारी संगठनों के पदाधिकारी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

CAIT इकाई - कवर्धा

### क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए अर्जुन तिवारी



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं पंडरिया जनपद व पंडारिया ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन तिवारी द्वारा लगातार संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र के सामाजिक, धार्मिक व वैवाहिक कार्यक्रमों के अलावा शोक संवेदना कार्यक्रमों में शिरकत किया। इसी क्रम गत दिनों 24 नवंबर को एक दिवसीय प्रवास के दौरान पंडरिया ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में पहुंचे और कार्यक्रमों शिरकत किए। जिसमें पंडरिया नगर में रवि सिंह राजपूत के शोकाकुल परिवार जनों से मुलाकात कर उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाया, वहीं डोंगरिया कला में स्व. सुरेश चन्द्रवंशी के परिवार जनों से मुलाकात किया साथ ही साथ श्री तिवारी पाण्डातराई में सुरेश शर्मा के निज निवास व ग्राम दशरंगपुर में प्रशांत सिंह बैस के परिवार में आयोजित वैवाहिक समारोह में शामिल हुए। इस दौरान ठाकुर चंद्रभान सिंह, पालन सिंह बैस, रिजवान खान, राजू यादव, बाला चन्द्रवंशी, तामेश्वर चन्द्रवंशी, राजेंद्र चन्द्रवंशी, संग्राम चन्द्रवंशी, नीरज सलूजा, संतोष साहू, पुष्कर सिंह बैस, कपिल चंद्रवंशी, जीतराम चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### रामकृष्ण पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित युथ पार्लियामेंट



**हरिभूमि कवर्धा।** संविधान सहज कुछ कागजों या दस्तावेजों का लेखा-जोखा नहीं वरन यह भारत को एकता के सूत्र में आबद्ध करने वाला है, उन्हीं बातों को बताने एवं देश के सबसे बड़े लोकतंत्र की भूमिका को स्पष्ट करने के उद्देश्य से कवर्धा के अग्रणी सीबीएसई विद्यालय श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में संविधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें प्रातः प्रार्थना सभा में संविधान संबंधी क्रियाकलाप जैसे प्रश्नोत्तरी, कविता, शब्द भंडार, विचार माला का आयोजन हुआ, जिसे विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग प्रमुख अंशुल तिवारी ने भी संबोधित किया, जिसमें उन्होंने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दूसरे कड़ी में विद्यालय का रंगमंच देश के विभिन्न प्रांतों से निर्वाचित सांसदों, पक्ष-विपक्ष की भूमिका का निर्वहन करने वाले युवा सांसदों से भरा, एक सदन के रूप में परिलक्षित होने लगा। कार्यक्रम का आगाज परमसत्ता की अर्चना के साथ हुआ, जिसमें विशेष रूप से डॉ आदित्य श्रीवास्तव सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं पुरातत्वेत्ता, डॉ टीएस अवस्थी सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक, डॉ पीपी चन्द्रवंशी सेवानिवृत्त प्राचार्य, विशाल पाण्डेय काऊंसलर एवं डॉ आदित्य चन्द्रवंशी अध्यक्ष प्रबंधन समिति, प्राचार्या श्रीमती एम शारदा उपस्थित थें। सदन की कार्यवाही, सदन के प्रमुख की भूमिका का निर्वहन करने वाली छात्रा आरिका माग्रे के निर्देशानुसार हुआ, इसके बाद विपक्षी दल की प्रमुख भूमि माग्रे एवं उसकी पूरी टीम ने पक्षीय दल के विभिन्न सांसदों जो भिन्न-भिन्न मंत्रालयों की जिम्मेदारी जैसे गृह मंत्रालय धानी चन्द्रवंशी, विदेश मंत्रालय मारूति द्विवेदी, रक्षा मंत्रालय अभिनव माग्रे, कृषि मंत्रालय जान्हवी जायसवाल, शिक्षा मंत्रालय कनक मिश्रा, वन एवं पर्यावरण मैमूना फातिमा, वित्त मंत्रालय श्रेयल चन्द्राकर एवं श्रम रोजगार मंत्रालय दिव्यांशी त्रिपाठी व आदित्य नारायण तिवारी थें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ आदित्य श्रीवास्तव ने संविधान की प्रस्तावना रचनात्मकता बढ़ती है, प्रशंसा की। कार्यक्रम को डॉ पीपी चन्द्रवंशी ने संबोधित किया, उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों के अंदर छिपी परिष्कृत प्रतिभा का ही परिणाम है, ये बच्चे निश्चित रूप से नए भारत की नींव बनेंगें। कार्यक्रम के अंत में विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए जिनमें बेस्ट पार्लियामेंट्री राहुल द्विवेदी, बेस्ट रूलिंग पार्टी लीडर आदित्य नारायण तिवारी, बेस्ट ऑफ अपोजिशन पार्टी भूमि माग्रे को प्रदान किया गया। पूरे आयोजन को बेहद खास बनाने में सामाजिक विज्ञान विभाग प्रमुख अंशुल तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक शुभम पाण्डेय सहित संपूर्ण विभागीय शिक्षको की महती भूमिका रही। सदन की कार्यवाही का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक के साथ-साथ सह-शैक्षिक प्रतिभागिओं में दिखायी अपनी प्रतिभा

# पथर्रा में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखण्ड शिक्षा अधिकार द्वारा 14 खेलों की सूची के अनुसार आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीडा महोत्सव में प्राथमिक शाला के आयु वर्ग 6-11 वर्ष व पूर्व माध्यमिक शाला के आयु वर्ष 11-14 वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दो दिवसीय खेलों में कबड्डी, खो-खो, दौड़ 100-200 मीटर, बोरा दौड़, गोली चम्मच, सुई-धागा, विज्ञान मॉडल प्रदर्श, कबाड़ से जुगाड़, चित्रकला, साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर संकुल के सभी विद्यालयों पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा, मक्के, कान्हाभैरा, बैजलपुर, भेलवाभांवर तथा पूर्व माध्यमिक शाला में तीन विद्यालयों जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा, मक्के एवं कान्हाभैरा के विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालयों के खेल ध्वज के साथ बैंड की धुन पर मार्च पास्ट निकाल कर संकुल खेल ध्वज लहराया एवं अतिथियों को सलामी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर दानेश्वर सिंह परिहार, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमती छैली-सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, श्रीमती अंजनी-सुशील चन्द्रवंशी, विशिष्ट अतिथि सुनील चन्द्रवंशी सरपंच, श्रीमती जमुना गणेश चन्द्रवंशी, कार्तिक साहू, रोशन सिंह परिहार, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अजय चन्द्रवंशी उपस्थित थें। ध्वजारोहण पश्चात श्री परिहार ने सिक्का उछालकर कबड्डी मैच का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शालाओं के शिक्षक भी उपस्थित थें। आयोजन का नेतृत्व संकुल प्रभारी महेश खुराना, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू ने किया आयोजन मंडल में प्रधान पाठक माध्यमिक शाला पथर्रा चन्द्रमौली शर्मा, मक्के कपूर राम चन्द्रवंशी, कान्हाभैरा रामशरण मेरावी, प्रधान पाठक विनोद कुमार चन्द्रवंशी, श्रीमती एलविना विलसन, हुक्मीचंद धुर्वे, उग्रदास लहरे एवं सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में पहले दिन सामुहिक खेल कबड्डी, खो-खो का आयोजन किया गया। वहीं दूसरे दिन के खेल में अतिथि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे, बीआरसी केशलाल साहू, जिला क्रीडा अधिकारी दिनेश साहू, विकासखण्ड खेल अधिकारी संगीता साहू, पीटीआई दिनेश साहू उपस्थित थें। खेलों में माध्यमिक स्तर पर कबड्डी एवं खो-खो में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पथर्रा, द्वितीय स्थान पर मक्के के छात्र-छात्राएं रहे। वहीं बालक वर्ग कबड्डी में मक्के प्रथम स्थान, पथर्रा द्वितीय स्थान तथा खो-खो में पथर्रा प्रथम एवं मक्के द्वितीय स्थान पर रहे। साथ ही साथ प्राथमिक स्तर पर बालक एवं बालिका खो-खो बालिका कबड्डी में पथर्रा प्रथम स्थान एवं बालक कबड्डी में द्वितीय स्थान पर रहे, बालक कबड्डी में प्राथमिक शाला मक्के प्रथम स्थान पर रहे, वहीं बालक एवं बालिका खो-खो में द्वितीय स्थान पर। इस प्रकार सामुहिक खेलों में पथर्रा का दबदबा रहा।

### विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

एकल खेलों में पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला पथर्रा, मक्के, कान्हाभैरा, बैजलपुर, भेलवाभांवर तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में तीन विद्यालयों शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा, मक्के एवं कान्हाभैरा के छात्र-छात्राओं ने अपने हुनर का जौहर दिखाते हुए प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विजेताओं को अतिथियों द्वारा शील्ड, प्रमाण पत्र एवं पानी का बोतल देकर सम्मानित किया गया। संकुल स्तर पर इस प्रकार के वृहद आयोजन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी श्री दुबे ने संकुल पथर्रा की प्रशंसा की एवं छात्र-छात्राओं को जोन एवं विकास खंड स्तर के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण से किया गया।